भारत सरकार
रेल मंत्रालय

राज्य सभा
21.03.2025 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2523 का उत्तर

नये रेल मंडल की स्थापना

2523. श्री मेदा रघुनाधा रेड्डी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या एक नया बालाजी रेल मंडल स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है जिसका मुख्यालय तिरुपति होगा;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): भारतीय रेल में मंडल का गठन किसी क्षेत्र पर विचार किए बिना आकार, कार्यभार, अभिगम्यता, यातायात पैटर्न और अन्य परिचालनिक/प्रशासनिक आवश्यकताओं आदि जैसे कारकों को ध्यान में रखते हुए मितव्ययिता और दक्षता की आवश्यकताओं के अनुरूप किया जाता है। वर्तमान में, तिरुपति सहित गुंतकल मंडल अपने क्षेत्राधिकार में आने वाली लाइनों की आवश्यकताओं की पूर्ति कर रहा है।

*****